आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 30 लखनऊ, शनिवार 14 नवम्बर से 20 नवम्बर, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## पीएम मोदी ने जामनगर और जयपुर में आयुर्वेद संस्थानों का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पांचवें आयुर्वेदिक दिवस के अवसर पर जामनगर में आयुर्वेद शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआरए) और जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इन संस्थानों से २१वीं सदी में आयुर्वेद की प्रगति और विकास में पूरी दुनिया में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की उम्मीद की जाती है। दरअसल, केंद्र सरकार का मानना है कि जन स्वास्थ्य की चुनौतियों के लिए प्रभावी और सस्ते समाधान उपलब्ध कराने में आयुष स्वास्थ्य पद्धतियों का अभी तक समुचित उपयोग नहीं हो सका है। ऐसे में इसके उपयोग को बढ़ावा देने की कोशिश चल रही है। इसके लिए आयुष शिक्षा का आधुनिकीकरण भी प्राथमिकता के



क्षेत्र में है। इस उद्देश्य से पिछले तीन–चार वर्षों में मोदी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। आयुर्वेद शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, जामनगर को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर को विश्वविद्यालय दर्जा हासिल करने वाले संस्थान के रूप में राष्ट्र को समर्पित करना, न केवल आयुर्वेदिक शिक्षा के आधुनिकीकरण बल्कि परम्परागत औषधि के क्रमिक विकास में भी ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इससे उन्हें आयुर्वेदिक शिक्षा के मानकों को उन्नत बनाने, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मांग के अनुरूप विभिन्न पाठ्यक्रमों को तैयार करने और अधिक से अधिक प्रमाणों के लिए आधुनिक अनुसंधान में श्रेष्ठता प्राप्त करने के लिए स्वायत्तता प्राप्त होगी।

## धनतेरस पर पीएम मोदी ने दी देशवासियों को शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को धनतेरस के शुभ अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। एक ट्वीट में, पीएम मोदी ने कहारू भगवान ध नवंतरी सभी के जीवन में खुशियां, समृद्धि, सौभाग्य और अच्छा स्वास्थ्य लाएं। त्योहारों के दिनों के मद्देनजर, प्रधानमंत्री ने लोगों से कोविड के समय में सावधानी बरतने और मानदंडों का पालन करने का आग्रह किया है। कोरोना महामारी के बीच राष्ट्र शनिवार को दिवाली मनाएगा। दिवाली से पहले, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को आत्मानिभर भारत ३.० के तहत अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए प्रोत्साहन के हिस्से के रूप में १२ प्रमुख योजनाओं की घोषणा की। सीतारमण ने २.६५ लाख करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आज तक घोषित पैकेज २६.८७ लाख करोड़ रुपये तक का हो गया है, जो जीडीपी का १५ प्रतिशत है। इसमें से ६ प्रतिशत सरकार द्वारा प्रदान किया गया है।

## राज्यपाल आनंदीबेन और मुख्यमंत्री योगी ने दी दीपावली शुभकामनायें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनकी सुख–समृद्धि की मंगलकामना की है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने त्योहार के अवसर पर कोरोना से बचने को भी कहा है। राज्यपाल पटेल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि वैभव और प्रकाश का प्रतीक पर्व दीपावली भारतीय संस्ेति के जीवन मूल्यों का संवाहक है, जो हमें अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह दीपावली पर्व समाज में सम्पन्नता एवं समृद्धि लाये ताकि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सके। कोरोना महामारी के परिप्रेक्ष्य में सावधान और सतर्क रहें, भीड़भाड़ से बचें तथा सामाजिक दूरी के साथ मास्क का प्रयोग करते हुए दीपावली पर्व का आनन्द लें।

## दिवाली के मौके पर एक करोड़ की शराब बरामद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। जिसमें कर उनके ट्रक से २३५० पेटी शराब बरामद की गई। जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। एसटीएफ प्रवक्ता ने कि कुछ दिनों से एसटीएफ को सूचना मिल रही थी कि विभिन्न राज्यों से अवैध शराब की तस्करी करने वाले सक्रिय हैं। उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए विभिन्न टीमों को अभिसूचना संकलन कर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी क्रम एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक करूणेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम को लगाया गया था। कल सूचना मिली कि हिमाचल प्रदेश के सोलन से बड़ी मात्रा में शराब की खेप लेकर कुछ तस्कर लखनऊ आ रहे हैं तथा दिवाली के मौके पर लखनऊ और आस–पास के जिलो में सप्लाई करने वाले हैं उन्होंने बताया कि इस सूचना पर उपनिरीक्षक करूणेश पाण्डेय के नेतृत्व एक टीम गठित कर कार्रवाई करने के उद्देश्य से सरोजनीनगर थाने पहंची और मुखबिर द्वारा बताये स्थान अन्तर्राज्यीय स्तर पर शराब की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों ट्रक सवार सोलन निवासी नरेंद्र सिंह और पंजाब के रोपड़ निवासी गोविंद कुमार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से २३५० पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। शराब के अलावा तीन मोबाइल फोन और कुछ नकदी बरामद की गई।

## भाजपा राज में घोटा जा रहा है पत्रकारिता का गला : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सीधा हमला करते हुए शुक्रवार को असम में पत्रकार पराग भुईयां की हत्या का मामला उठाया और आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार को उजागर करने वाली पत्रकारिता का गला घोटा जा रहा है। गांधी ने ट्वीट किया, भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने वाले असम के पत्रकार पराग भुइयां की संदिग्ध परिस्थिति में हत्या हो गयी। उनके परिवार को मेरी संवेदनाएं। असम, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश भाजपा शासित राज्यों में सच्ची पत्रकारिता का गला घोटा जा रहा है और तमाशा करने वालों को सुरक्षा मिल रही है। कांग्रेस नेता ने दो दिन पहले भी पत्रकारों की हत्या का मामला उठाते हुए कहा, "उत्तर प्रदेश के पत्रकार विनय तिवारी को



भाजपा के गुंडों ने बेरहमी से पीटा है। अधिकारों की बात चली है तो सोचा पूछ लें कि कुछ चुनिंदा पत्रकारों के लिए ही अधिकार याद आएंगे या विनय तिवारी जैसे पीड़ितों के लिए भी।

## पंचायत चुनाव को धार देने में जुटी भाजपा

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उपचुनाव के जीत से लबरेज अब पंचायत चुनाव की ओर अग्रसर हो रही है। गांवों में अपनी पैठ बनाने के लिए पार्टी ने अपने कील कांटे दुरूस्त करने शुरू कर दिए हैं। दीपावली के बाद बड़े स्तर पर पंचायत चुनावों की रणनीति बनायी जाएंगी। यह पहला मौका होगा जब भाजपा वृहत स्तर पर पंचायत चुनाव में उतरने जा रही है। पिछले चुनाव में भाजपा ने जिला पंचायत में अपने समर्थित प्रत्याशी उतारे थे। इस बार संभावना है कि शायद प्रदेश सरकार पंचायत चुनाव में पार्टी सिंबल कराने के लिए कोई पलिसी बना दे। पलिसी न बनने पर भी भाजपा अपने समर्थित प्रत्याशियों के साथ मैदान में बाजी मारने के लिए जोर आजमाइश करेगी। इस चुनाव के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक को प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक मतदाता सूची बनाने का काम चल रहा था। पार्टी को सक्रिय करने के लिए नीचले स्तर पर कई बैठकें हो चुकी हैं। चुनाव किस स्तर पर लड़ा जाएगा अभी यह तय नहीं हुआ है। पार्टी का उद्देश्य है कि हर चुनाव में मजबूत भागीदारी हो। उधर, उप्र में पंचायत चुनाव के लिए वोटर लिस्ट बनने के बाद ही चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है, हालांकि शासन स्तर पर इसका भी मंथन शुरू हो गया है कि कब चुनाव कराना ठीक रहेगा। वैसे इस साल यह चुनाव नहीं होंगे, अब २०२१ में यह संभव हो सकेगा। बताया जा रहा है कि अप्रैल या मई में यह चुनाव हो सकते हैं। इसी के हिसाब से तैयारी चल रही है। वैसे कई जिलों में कुछ ग्राम पंचायतों के नगर निगम या नगर पंचायतों में शामिल करने से जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत के वार्ड की सीमा प्रभावित हुई है। इस कारण यहां नए सिरे से परिसीमन करना पड़ रहा है। इसके लिए शासन की ओर से सभी संबंधित जिलों को आदेश जारी कर दिया गया है।

# सम्पादकीय

## तीर ही कमल और कमल ही तीर

बिहार चुनाव में पहली बार ऐसा हुआ है कि कंट्रोल भारतीय जनता पार्टी के हाथ में रहा। चुनाव का एजेंडा भले तेजस्वी यादव ने सेट किया पर भाजपा ने उस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। भाजपा का पूरा ध्यान इस पर था कि उसे सबसे बड़ी पार्टी बनना है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि भाजपा आखिर इतने भरोसे में कैसे थी, जो उसने नीतीश कुमार को हरवाने की जोखिम ली? क्या भाजपा अपने वोट आधार को लेकर पूरी तरह से भरोसे में थी और उसे पता था कि भले नीतीश हारें, लेकिन वह जीतेगी? भाजपा ने चुनाव से पहले जैसी राजनीति की और जिस किस्म के नतीजे आए हैं, उससे तो कम से कम यहीं लग रहा है। ध्यान रहे भाजपा के बड़ी जोखिम ली थी। सबसे पहला जोखिम भाजपा ने यह लिया था कि एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी को अलग लड़ने दिया था। भाजपा चाहे जो कहे पर यह हकीकत है कि चिराग पासवान उसके समर्थन से चुनाव लड़े। भाजपा को जिताने और जदयू को हराने के लिए उन्होंने उम्मीदवार उतारे। उन्हें पूरी मदद दी गई। पूरी मदद का मतलब कि उम्मीदवार भी दिए गए, कार्यकर्ता भी दिए गए और संसाधन भी उनके लिए जुटाए गए। भाजपा का यह दांव उलटा भी पड़ सकता था। अगर चिराग पासवान जदयू को नुकसान पहुंचा रहे थे तो जदयू के नेता भाजपा को नुकसान कर सकते थे। पर भाजपा को पता है कि जदयू का कोर वोट भेड़ों का है, जिसे नीतीश एक बार जिधर हांक देंगे वे उधर ही जाएंगे। यानी वे सीटवार तरीके से वोट का फैसला नहीं कर सकते थे। उनके दिमाग में यह बात बैठी हुई है कि तीर ही कमल है और कमल ही तीर है। सो, भाजपा को यकीन था कि वह वो पूरी तरह से उसको मिलेगा। यह जुआ भाजपा जीत गई। दूसरा रिस्क भाजपा ने यह लिया था कि बिहार में एंटी इन्कंबैंसी का माहौल बनने दिया था। यहां भी भाजपा को भरोसा था कि सत्ता विरोधी माहौल बनेगा तो उसका नुकसान सिर्फ नीतीश को होगा। ध्यान रहे भाजपा के पास जैसी मशीनरी है और सोशल मीडिया में जिस तरह की मजबूत पकड़ है वह चाहती तो एक दिन में माहौल बदल सकती थी। लेकिन उसने इसे चलने दिया। यह भी कमाल बिहार में हुआ कि भाजपा और जदयू दोनों मिल कर सरकार चलाए, दोनों डबल इंजन की सरकार पर वोट भी मांग रहे हैं पर सत्ता विरोधी लहर का नुकसान सिर्फ एक सहयोगी को हो रहा है। यह भी भाजपा का सोचा–समझा दांव था जो बिल्कुल सटीक निशाने पर लगा। हालांकि इसके बावजूद वह सबसे बड़ी पार्टी बनने से एक–दो सीट से पीछे रह गई। हालांकि इस विधानसभा में वह सबसे बड़ी पार्टी बनने का प्रयास जरूर करेगी और उसका जैसा रिकार्ड रहा है वह कामयाब भी हो जाएगी। सो, अब सवाल है कि उसके आगे भाजपा क्या करेगी? भाजपा अब बिहार में अपना सामाजिक आधार बड़ा करेगी। ध्यान रहे भाजपा कभी भी बिहार की पार्टी नहीं रही है। भारतीय जनसंघ का भी बिहार में बड़ा आधार नहीं था। जब झारखंड का विभाजन नहीं हुआ था तो बिहार में भाजपा को दक्षिण बिहार यानी मौजूदा झारखंड की पार्टी माना जाता था। उसके जो ४०–५० विधायक कभी जीतते थे तो ज्यादातर उसी इलाके से होते थे। तभी जब झारखंड अलग हुआ तो पहली सरकार भाजपा की बनी थी। वह भी नीतीश कुमार की बदौलत ही हुआ था। तब भाजपा नीतीश के साथ मिल कर लड़ी थी और झारखंड में नीतीश की पार्टी के छह विधायकों के समर्थन से उसकी सरकार बनी थी। असल में बिहार में भाजपा को वैश्यों की पार्टी माना जाता था। जब लालू प्रसाद के उभार के बाद कांग्रेस का पतन हुआ और भूमिहार, ब्राह्मण व राजपूतों ने एक साथ कांग्रेस को छोड़ा तब जाकर भाजपा को थोड़ा वोट आधार मिला। लेकिन वह भी अकेले राजनीति करने के लिए पर्याप्त नहीं था क्योंकि एकीत बिहार में सवर्णों की आबादी १२ फीसदी से ज्यादा नहीं थी। तभी भाजपा को हमेशा किसी न किसी कंधे की जरूरत पड़ी। इस काम में नीतीश कुमार का कंधा भाजपा के बहुत काम आया। अब नीतीश के सहारे भाजपा इस मुकाम पर पहुंच गई है और वह नीतीश के बनाए जमीनी आधार और सामाजिक समीकरण के ऊपर नरेंद्र मोदी के चेहरे की मदद से पिछड़ा और अतिपिछड़ा आधार मजबूत कर सके। वैसे भाजपा की यह राजनीति दोधारी तलवार की तरह है। इसी चुनाव में अगड़ों के बीच यह मैसेज था कि उनके लिए जैसे भाजपा वैसे राजद। इस नैरेटिव का थोड़ा बहुत नुकसान इस बार भाजपा को उठाना पड़ा है। अगर वह पिछड़ों और अतिपिछड़ों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करेगी तो उसके सवर्ण मतदाता नाराज होंगे। ध्यान रहे विभाजन के बाद बिहार में सवर्ण मतदाताओं की संख्या १७–१८ फीसदी तक पहुंच गई। यह एक बड़ी संतुलनकारी ताकत है। अगर इसका रूझान राजद और कांग्रेस की ओर गया तो संतुलन बदल सकता है क्योंकि उनके पास पहले से मुस्लिम–यादव का ३० फीसदी का एक मजबूत वोट आधार है। इस बार इसके ऊपर उसे पांच फीसदी वोट मिले हैं। इसमें अतिपिछड़ी जातियां भी हैं और सवर्ण भी। सो, भाजपा को बहुत संतुलन बनाना होगा।

# दूसरे प्रदेशों से दीपावली मनाने शहर आने वाले लोगों की होगी कोरोना जांच

लखनऊ। दूसरे प्रदेशों खासकर दिल्ली और एनसीआर से दीपावली त्योहार मनाने राजधानी लखनऊ आने वाले लोगों की कोविड १६ की जांच होगी। इसके लिये शुक्रवार से शहर के सभी बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डे पर स्वास्थ्य विभाग ने १३ मेडिकल टीमें लगायी हैं। स्वास्थ्य विभाग की यह टीमें बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और हवाई अडडे पर दूसरे प्रदेशों से आने वाले यात्रियों की जांच करेंगी और सभी यात्रियों का मोबाइल नंबर और पता नोट करेंगी। जो लोग संदिग्ध पाये जायेंगे, उनके घर पर जाकर उनकी कोविड जांच की जाएगी। राजधानी लखनऊ में अब तक ६६,२३७ कोविड १६ के रोगी पाये जा चुके है जिनमें से ६१७ रोगियों की मौत हो चुकी है। राजधानी के मुख्य चिकित्साधिकारी डा संजय भटनागर ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी 'भाषा' को बताया कि शहर में त्योहार पर संक्रमण फैलने की आशंका है। ऐसे में दूसरे प्रदेशों से आने वाले यात्रियों पर खास नजर रखी जा रही है। बस अड्डे, रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे पर आने वाले यात्रियों की जांच की जा रही है। विशेषकर दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र रूएनसीआररू से त्योहार मनाने के लिए आने वाले यात्रियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके अलावा मुंबई से आने वाले यात्री भी स्वास्थ्य विभाग के राडार पर होंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिये स्वास्थ्य विभाग ने १३ टीमें तैनात की हैं। इनमें कैसरबाग, चारबाग,आलमबाग, कमता बस अडडा, चारबाग बड़ी लाइन, चारबाग छोटी लाइन, मानक नगर, बादशाह नगर, सिटी स्टेशन, ऐशबाग, गोमती नगर, आलमनगर रेलवे स्टेशनों तथा चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर टीमें तैनात की गयी हैं। डा. भटनागर ने बताया कि बाहर से आने वाले यात्रियों की जांच का काम शुक्रवार से शुरू हो गया है और यह काम रविवार १५ नवंबर तक चलेगा। गौरतलब है कि दिल्ली में कोरोना का प्रकोप एक बार फिर तेजी से बढ़ गया है, इसी कारण जिला प्रशासन ने यह सावधानियां बरतने का निर्देश दिया है।

# बीकेटी में महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ। बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के बीकेटी खंड विकास कार्यालय में मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महिला समूहों ने विभिन्न स्टालों के जरिए घरेलू निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई। समूह में ग्राम विकास उत्तर प्रदेश के 'समूह से समृद्धि की ओर', 'जय माता दी' स्वयं सहायता समूह द्वारा मेहंदी, ज्वैलरी एवं नमकीन सीवा, बख्शी का तालाब मिशन प्रबंध इकाई के 'बख्शी का तालाब' के चिकन कढ़ाई वर्क के अलावा दर्जनों महिला समूहों ने अपने घरेलू हस्तनिर्मित उत्पादों को बिक्री के लिए भी रखा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के तौर पर प्रवीण चौधरी ने शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने की। इस अवसर पर महिला सचिव अनामिका सिंह, प्रधानों में विनीता वर्मा तथा सफाई कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान कई अधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में मशाल व नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। इस अवसर पर पंचायती राज अधिकारी डॉ. निरीश साहू, उपनिदेशक गिरीश चंद्र तथा एडीओ पंचायत हरिशंकर यादव पंचायत सचिव नासिर हुसैन, अंकित पटेल आदि उपस्थित रहे।



# जूनियर इंजीनियर को दबंग ठेकेदारों ने पीटा

लखनऊ। दो दबंग ठेकेदारों ने गुरुवार को सर्किल दस के बीकेटी डिवीजन के जूनियर इंजीनियर अंकुश मिश्रा की जमकर पीटाई कर दी। इस दौरान दोनों ठेकेदारों ने अपने सहयोगियों के साथ जूनियर इंजीनियर को दौड़ोंदौड़ा कर पीटा। जिससे अवर अभियंता अंकुश बुरी तरह से घायल हो गए। किसी तरह से साथी अभियंताओं ने पीड़ित अंकुश मिश्रा को छुड़ाया। जिसके बाद उन्हे अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि दबंगों ने जूनियर इंजीनियर की पीटाई अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के सामने की। इस दौरान बहुत से अभियंता मीटिंग करके बाहर जा रहे थे। दोनों दबंग ठेकेदारों का नाम ज्ञानेन्द्र शुक्ला और दीपक द्विवेदी बताया जा रहा है। वहीं मारपीट की जानकारी पुलिस को भी हुई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित अंकुश मिश्रा की ओर से दोंनों के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी गई है। अंकुश ने बताया कि दीपक काफी समय से ठेकेदारी करने के साथ ही रौब झाड़ता रहता है। वह बारें बार हमें डरोंधमकाकर अदब में लेना चाहता है। अंकुश मिश्रा ने बताया कि मेरे साथ ज्ञानेन्द्र शुक्ला और दीपक द्विवेदी ने मारपीट की। उन्होंने बताया कि दीपक द्विवेदी द्वारा गलत बिल को पार करने का दबाव बनाया जा रहा था। जिस पर मैने पास करने से इंकार कर दिया। जिस वजह से मेरे साथ मारपीट की गई। उन्होंने बताया कि यहां के ठेकेदारों द्वारा इससे पहले भी कई बार गलत बिलों को पास कराने का दबाव बनावाया जाता रहा है। जिसे मैने कई बार इंकार कर दिया था। इस वजह से यहां के ठेकेदार मुझसे हमेशा से खुन्नस खाये हुए थे। वहीं उपखंड अधिकारी मनोज पुष्कर ने बताया कि हम सभी मीटिंग के बाद बाहर निकल रहे थे। उसी दौरान गेट पर पहले से मौजूद दीपक द्विवेदी ने अपने सहयोगियों के साथ अंकुश को मारना शुरू कर दिया। जब तक हम सभी कुछ समझ पाते वे सभी फरार हो गए। वहीं अधीक्षण अभियंता बीके चौधरी ने बताया कि बहुत जानकारी मुझे नहीं है। लेकिन जो भी हमारे कर्मचारियों के साथ हुआ गलत हुआ। मैं निंदा करता हूं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# धनतेरस पर योगी ने जूनियर इंजीनियरों को दिया नियुक्ति पत्र का तोहफा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को धनतेरस के पर्व पर १,४३८ जूनियर इंजीनियर को नियुक्ति पत्र दिया। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित जन शक्ति विभाग के १,४३८ जूनियर इंजीनियर्स को नियुक्ति पत्र के साथ ही उनको स्थापना पत्र भी प्रदान किया गया। इनमें से कुछ से सीएम योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात भी की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पांच कालीदास मार्ग से जल शक्ति विभाग के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के नवचयनित जूनियर इंजीनियरों को नियुक्ति एवं पद स्थापना पत्र वितरित किया। वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के



सफल अभ्यर्थियों से संवाद भी किया। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित जूनियर इंजीनियर (सिविल) परीक्षा के माध्यम से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के लिए १,४३८ अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी, कानपुर, मेरठ तथा कुछ अन्य जिलों के सफल अभ्यर्थियों से बातचीत के दौरान उनके अनुभव की जानकारी लेने के साथ उनसे परीक्षा के किसी भी मोड़ पर किसी भी प्रकार की जानकारी भी मांगी। अभ्यर्थियों को स्थापना पत्र मिलने के बाद उन्होंने उन सभी को इस काम को बड़ी चुनौती के रूप में लेने का अनुरोध भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि आप सबकी शक्ति से प्रदेश का जलशक्ति विभाग लगातार आगे बढ़ता जाएगा।

# योगी नें हापुड़ की शिल्पकला उत्पादों की तारीफ की

लखनऊ। कोरोना संकटकाल में देश दुनिया के बाजारों में आई मंदी के बीच घरेलू उत्पादों की बिक्री और निर्यात को प्रोत्साहन देने के प्रयासों में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को हापुड़ जिले में निर्मित हथकरघा उत्पादों की तारीफ की है। योगी ने ट्वीट कर कहा कि अपने चित्ताकर्षक शिल्प के द्वारा घरों के सौंदर्य को अभिवर्धित करता हापुड़ का हैंडलूम पावरलूम द्वारा निर्मित सजावट व घरेलू प्रयोग का सामान भारतीय कारीगरी का नायाब उदाहरण है। 'एक जनपद–एक उत्पाद' योजना के माध्यम से यह स्थानीय शिल्प अब वैश्विक स्तर पर अपनी चमक बिखेर रहा है। गौरतलब है कि एक जिला एक उत्पाद योजना को बढ़ावा देने के लिये सरकार ने



पिछले महीने एक वर्चुअल मेले का आयोजन किया था जबकि योजना के प्रोत्साहन देने के लिये सरकार समय समय पर लोन मेला का आयोजन भी करती रही है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग ने पांच दिवसीय ओडीओपी वर्चुअल फेयर का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने पिछली १६ अक्टूबर को किया था। मेले में यूपी के उत्पादों को खरीदने के लिए ३५ देशों के करीब एक हजार खरीदार जुड़े थे। योगी ने उत्तर प्रदेश व्यापक संभावनाओं का प्रदेश बताते हुये कहा था कि हर जिले के कुछ उत्पाद वहां की पहचान हैं। ओडीओपी जैसी योजना इन्हीं विशिष्टताओं को वैश्विक मंच देने का प्रयास है। भदोही की कालीन, वाराणसी की साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी, मुरादाबाद का पीतल उद्योग, अलीगढ़ का हार्डवेयर और गोरखपुर का टेराकोटा सहित सभी ७५ जिलों की अपनी खूबी है।

# २०२०-२१ में ७.६३ लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि कौशल विकास सम्बन्धी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्राथमिकता उन क्षेत्रों को दी जाए जिनमें रोजगार की सम्भावनाएं अधिक हों। इससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा वर्ष २०२०–२१ में ७.६३ लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से छह लाख युवा या शिल्पकार आरपीएल (पहले से सीखे हुए कौशल को मान्यता देना) के तहत प्रशिक्षित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले किसी भी वर्ष की तुलना में इस वर्ष सबसे ज्यादा संख्या में युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा सभी लक्ष्य प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित किये जा चुके हैं। कोविड–१६ के मद्देनजर लागू अनलक–४ व्यवस्था में प्रशिक्षण कार्यक्रम २१ सितम्बर, २०२० से ही शुरू किये गये हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत १.४३ लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य



निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु ३०२ नवीन संस्थाओं का चयन किया गया है। इस वर्ष २१ सितम्बर, २०२० से अब तक ५२,२५८ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है तथा १६,४१३ युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित योजना में गठित महिला स्वयं सहायता समूहों की १६,१५० महिलाओं को भी आरपीएल के तहत कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। युवाओं को रोजगार दिलाने की ष्टि से ४१४ रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है तथा ५०,००० से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाया गया है। इसके अतिरिक्त ६४३ करियर काउंसलिंग शिविरों को भी आयोजित किया गया है जिनमें ५२,००० से अधिक युवाओं ने भाग लिया। सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा अनलाइन लर्निंग प्लेटफार्म पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के ५०,००० युवाओं को अन्तरराष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम निःशुल्क उपलब्ध करने का अवसर प्रदान किया गया है। इसके माध्यम से विश्व के २०० से भी अधिक विख्यात विश्वविद्यालयों, संस्थानों तथा कम्पनियों द्वारा संचालित ३८०० से अधिक उपलब्ध पाठ्यक्रमों में से अपनी रूचि के अनुसार कोर्स चयन का विकल्प दिया गया है।

# धनतेरस के अवसर पर योगी ने किया भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा का अनावरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को धनतेरस के अवसर



पर यहां भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने आर्युवेद पर आधारित प्राचीन ग्रंथों का प्रदर्शन कर अवलोकन किया। आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी ने बटन दबा कर भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा का अनावरण किया और दीप प्रज्जवलित कर पांच दिवसीय प्रकाश पर्व की विधिवत शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने आर्युवेद के पुरातन और गौरवशाली इतिहास से जुड़ी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में आर्युवेदाचार्यों की हस्तलिखित पांडुलिपियों की प्रति ति उकेरी गयी थी जिसकी मूल लिपि प्रयागराज समेत अन्य पौराणिक नगरों में सुरक्षित है। योगी ने बारीकी से प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आयोजकों से आर्युवेद से जुड़ी पुस्तकों का एक सेट देने को कहा। इस मौके पर मुख्य सचिव आर के तिवारी और अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल समेत अन्य लोग उपस्थित थे। गौरतलब है कि आर्युवेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा के साथ पांच दिवसीय प्रकाश पर्व की शुरूआत होती है। यह पर्व कार्तिक मास की त्रयोदशी को मनाया जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि और धन के स्वामी कुबेर की पूजा की जाती है।

## लखनऊ यूनिवर्सिटी के गेट के सामने धरने पर बैठे स्स्ठ के छात्र

लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी के गेट नंबर एक के सामने एल एल बी के छात्र धरने पर बैठे। स्स्ठ के छात्र स्स्ठ थर्ड ईयर के १४०० छात्रो की आई है बैक पेपर के कारण फेल हुये छात्रो के लिए दोबारा पेपर की मांग कर रह है। मिली जानकारी के अनुसार एलयू पहुंचने पर छात्रो को गेट पर ही रोका गया।

## बंथरा में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में जांच के आदेश

लखनऊ। बंथरा में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में डीएम अभिषेक प्रकाश ने जांच के आदेश दिया। मामले में एफआईआर दर्ज कर दोनों जिम्मेदार अनुज्ञापियो को गिरफ्तार किया गया है। अब मजिस्टरेट्रीयल जांच के आदेश जारी किये गयेहै । दुकान को सील कर दिया गया।

## अब टोल प्लाजा पर होगी ओवरलोडिंग वाहनों की जांच

लखनऊ। प्रदेश भर में वाहनों पर ओवरलोडिंग के चल रहे गोरखधंधे पर परिवहन विभाग ने एनएचएआई को अंकुश लगाने की जिम्मेदारी सौंपी हैं। जहां एनएचएआई के द्वारा अब टोल प्लाजा पर ओवरलोडिंग की जांच कराई जाएगी। ट्रक में माल की ओवरलोडिंग पाए जाने पर पूरा ब्यौरा परिवहन विभाग के चेकिंग दलों के पास पहुंचेगा। परिवहन विभाग के इस प्रयास से चेकिंग दल कहीं से भी ओवरलोड वाहनों का ई चालान कर सकेंगे। यह व्यवस्था चेकिंग दलों की कमी की वजह से बनाई गई है। परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने बताया कि एनएचएआई के अधिकारी टोल प्लाजा पर ट्रक में लोड माल का वजन कराएंगे। ट्रक की क्षमता से अधिक माल पाए जाने पर ई चालान होगा।

## दीपावली के दिन शाम ७ बजे तक ही जारी रहेगी लखनऊ मेट्रो सेवा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन (एलएमआरसी) की ओर से चलने लखनऊ मेट्रो दिवाली के दिन तेरह घंटे ही चलेगी । ३ घंटे पहले मेट्रो का



संचालन बंद हो जायेगा। लखनऊ मेट्रो के प्रवक्ता पंचानन मिश्रा ने बताया कि जनता की सुविधाओं के लिए मेट्रो सेवाओं का संचालन दीपावली के दिन जारी रहेगा। दीपावली यानी १४ नवंबर के दिन लखनऊ मेट्रो की सेवाएं जारी रहेगी। लखनऊ मेट्रो शाम ७ बजे तक ही चलेगी।




# 5 लाख 51 हजार से अधिक दीपों से जगमग होगी रामनगरी अयोध्या

- श्री राम-सीता का हेलीकॉप्टर से राम कथा पार्क में प्रतीकात्मक अवतरण
- श्री राम व सीता स्वरूप का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक
- मंत्रोच्चार के साथ सरयू जी की आरती
- राम की पैड़ी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन
- भव्य लेज़र आतिशबाज़ी
- रामलीला का मंचन
- रामलला के मंदिर में वर्चुअल दीपोत्सव

## गरिमामयी उपस्थिति

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**केशव प्रसाद मौर्य**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**डॉ. दिनेश शर्मा**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**डॉ. नीलकंठ तिवारी**
राज्यमंत्री, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य (स्वतंत्र प्रभार) प्रोटोकॉल (एम.ओ.एस.), उत्तर प्रदेश

**लल्लू सिंह**
सांसद
अयोध्या

**ऋषिकेश उपाध्याय**
महापौर, अयोध्या

**वेद प्रकाश गुप्ता**
विधायक, अयोध्या

दिनांक : 13 नवम्बर, 2020 | स्थान : अयोध्या

एक क्लिक में वर्चुअल दीप प्रज्ज्वलित करें : http://virtualdeepotsav.com

उत्तर प्रदेश
उत्तर प्रदेश पर्यटन | यू.पी. नहीं देखा, तो इंडिया नहीं देखा.

/UttarPradeshTourism /uptourismgov /uttarpradeshtourism www.uptourism.gov.in

चिकित्सकीय हेल्पलाइनः 1800-180-5145 | दो गज़ की दूरी मास्क है जरूरी

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# युवाओं को योगी का उपहार, यूपी में शुरू होगा 'मिशन रोजगार'

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए अच्छी खबर। युवाओं को नौकरी और सेवायोजन के काम को अभियान का रूप देते हुए योगी सरकार मिशन रोजगार का आगाज करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने नवम्बर २०२० से मार्च २०२१ तक प्रदेश में ५० लाख युवाओं को सेवायोजित करने का लक्ष्य तय किया है। यह सेवायोजना मनरेगा से अलग होगी। इसमें सरकारी विभागों, परिषद, निगमों में खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तो पूरी होगी ही, सरकारी प्रयासों से निजी क्षेत्र में अथवा स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाएंगे। मिशन रोजगार की कार्ययोजना तैयार है, दीपावली के बाद मुख्यमंत्री इसकी औपचारिक शुरूआत करेंगे। बुधवार को मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने शासन स्तर के उच्चाधिकारियों के साथ मिशन रोजगार की कार्ययोजना पर विचार विमर्श कर अंतिम रूप दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि, "मिशन रोजगार के अन्तर्गत प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों, संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, निगम परिषदों, बोर्डो तथा प्रदेश सरकार के विभिन्न स्थानीय निकायों के माध्यम से एक समन्वित रूप से प्रदेश में स्वरोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित किए जाने का अभियान चलाया जाये।" मुख्यमंत्री के निर्देशन में शुरू होने जा रहा यह महाभियान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। अब हर वित्तीय वर्ष में विभागवार रोजगार सृजन का लक्ष्य तय होगा।



चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक ५० लाख युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण के माध्यम सक्षम बनाया जाएगा। मिशन रोजगार के अंतर्गत प्रत्येक विभाग, संगठन अथवा प्राधिकरण के कार्यालय में एक रोजगार हेल्प डेस्क बनाया जाएगा। हेल्प डेस्क उस विभाग से सम्बन्धित सेवायोजन कार्यक्रमों का लाभ पाने के इच्छुक युवाओं को जानकारी देगा। ऐसे विभाग जिनके रोजगार, स्वरोजगार तथा कौशल प्रशिक्षण की योजनाएं अनलाईन चलाई जा रही हैं, इन रोजगार हेल्प डेस्क के माध्यम से उन्हें अनलाईन रजिस्ट्रेशन हेतु प्रेरित किया जाएगा। प्रदेश में अब रोजगार व सेवायोजन का डेटाबेस तैयार होगा। इस संबंध में निदेशालय प्रशिक्षण एवं रोजगार द्वारा एक एप तथा पोर्टल भी विकसित किया जा रहा है। पोर्टल पर हर पाक्षिक आधार पर रोजगार से संबंधित डाटा अपडेट होगा। इसके लिए प्रशासकीय विभागों के अन्तर्गत समस्त निदेशालय निगम बोर्ड आयोग आदि अपने विभाग के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करेंगे। मिशन रोजगार के सम्पूर्ण कार्यक्रम अभियान का संचालन औद्योगिक विकास आयुक्त द्वारा किया जाएगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति मासिक रूप से अभियान का अनुश्रवण करेगी। वहीं हर जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति होगी जो रोजगार स्वरोजगार के लिए जनपद स्तर पर कार्ययोजना बनाएगी। प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय द्वारा निजी उद्योगों के साथ मिलकर रोजगार मेलों का आयोजन तो होगा ही, पूर्व में लम्बित भर्ती प्रकरणों का निस्तारण भी कराया जाएगा।

# माकन ने की केजरीवाल से तुरंत लॉकडाउन लगाने की मांग

नई दिल्ली। राजधानी में कोरोना वायरस के दिन प्रतिदिन रिकार्ड तोड़ नये मामले और वैश्विक महामारी से मरने वालों की संख्या में इजाफे से चिंतित दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय मकान ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से तुरंत लॉकडाउन लगाने की मांग की है।दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार देर रात कोरोना वायरस के आंकड़ों में २४ घंटे में आए ८५६३ नए मरीज और ८५ लोगों की मौत हुई है। दिल्ली में १६ जून को कोरोना से ६३ मरीजों की मौत हुई थी और ११ जून को मृतकों की संख्या सर्वाधिक थी। माकन ने ट्वीट कर रिकार्ड मामलों पर चिंता जताई और कहा, "अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली में तुरंत लॉकडाउन लगाओ। दिल्ली में कोरोना वायरस का रिकॉर्ड टूट गया है, पिछले २४ घंटे में कोविड के ८,५६३ नये मामले सामने आए हैं बेहतर होगा कि हम दिवाली न



मनाएं जहां हजारों (या लाख से ज्यादा) लोगों के लिए यह अंतिम दिवाली न साबित हो। कृपया यह एक आपात स्थिति है। दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमितों का कुल आंकड़ा ४,५६,६७५ हो गया है और वायरस से मरने वालों की कुल संख्या ७,२२८ हो गई है।

# योगी ने किया भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा का अनावरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को धनतेरस के अवसर पर यहां भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा का अनावरण किया और आर्युवेद पर आधारित प्राचीन ग्रंथों की प्रदर्शन की अवलोकन किया। गयी थी जिसकी मूल लिपि प्रयागराज समेत अन्य पौराणिक नगरों में सुरक्षित है। श्री योगी ने बारीकी से प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आयोजकों से आर्युवेद से जुड़ी पुस्तकों का एक सेट देने को कहा। इस मौके पर मुख्य सचिव आर के तिवारी और अपर



पटेल और योगी ने बटन दबा कर भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा का अनावरण किया और दीप प्रज्जवलित कर पांच दिवसीय प्रकाश पर्व की विधिवत शुरूआत की। इस मौके पर उन्होने आर्युवेद के पुरातन और गौरवशाली इतिहास से जुड़ी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में आर्युवेदाचार्यो की हस्तलिखित पांडुलिपियों की प्रतिकृति उकेरी मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे। गौरतलब है कि आर्युवेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा के साथ पांच दिवसीय प्रकाश पर्व की शुरूआत होती है। यह पर्व कार्तिक मास की त्रयोदशी को मनाया जाता है। इस दिन भगवान धनवंतरी और धन के स्वामी कुबेर की पूजा की जाती है।

# भोपाल में दीपावली पर सिर्फ 2 घंटे ही फोड़े जा सकेंगे पटाखे

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पर्यावरण के मद्देनजर दीपावली के पर्व पर सिर्फ दो घंटे ही पटाखे फोड़े जा सकेंगे। यह समय होगा रात्रि ८ से १० बजे तक। आधिकारिक तौर पर दी गई जानकारी के अनुसार, जिला दंडाधिकारी और कलेक्टर अविनाश लवानिया ने भोपाल में दीपावली, गुरु पर्व, नववर्ष इत्यादि त्योहारों के दौरान वायु प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए पटाखों के इस्तेमाल के लिए धारा १४४ के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। बताया गया है कि वायु प्रदूषण खराब होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के पालन में दंड प्रक्रिया संहिता १६७३ की धारा १४४ के अंतर्गत जनसामान्य



के स्वास्थ्य के हित को बनाए रखने के लिए भोपाल नगर पालिका निगम के राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत केवल ग्रीन पटाखों के फोड़ने की अनुमति रहेगी एवं अन्य समस्त प्रकार के पटाखों का विक्रय एवं उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। ग्रीन पटाखों को चलाने के लिए दीपावली एवं गुरु पर्व त्योहारों के दिन दो घंटे रात्रि आठ बजे से १० बजे तक, छठ पर्व के दिन प्रातरू छह से आठ बजे तक एवं क्रिसमस और नववर्ष की संध्या पर केवल ३५ मिनट के लिए रात्रि ११ बजकर ५५ मिनट से १२ बजकर ३० मिनट तक पटाखे चलाने की अनुमति रहेगी। पटाखे फोड़ने के लिए तय किए गए समय के अलावा पटाखे फोड़ने पर आदेश का उल्लंघन माना जाएगा और भारतीय दंड विधान की धारा १८८ के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा।

# धोनी झाबुआ के कड़कनाथ मुर्गे का पालन करेंगे

भोपाल। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद महेंद्र सिंह धोनी रांची में मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में पाए जाने वाले कड़कनाथ के मुर्गे की फार्मिंग करते नजर आए तो अचरज नहीं होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने दो हजार चूजे खरीदने का अर्डर झाबुआ के आदिवासी किसान को दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, महेंद्र सिंह धोनी अपने ग्रह नगर रांची में कड़कनाथ के मुर्गो की खेती करने का मन बनाया है। धोनी ने यह चूजे खरीदने के लिए झाबुआ के आदिवासी किसान विनोद मेंड़ा को अग्रिम भुगतान के साथ दो हजार चूजे १५ दिसंबर तक रांची भेजने का अर्डर दिया है। झाबुआ के कड़कनाथ मुर्गा अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. आईएस तोमर ने संवाददाताओं को बताया है कि धोनी ने अपने मित्रों के जरिए संपर्क साधा था, लेकिन केंद्र में समय पर चूजे नहीं थे, इसलिए उन्हें झाबुआ के थांदला के आदिवासी किसान से संपर्क करने को कहा गया जो कड़कनाथ मुर्गे की फार्मिंग करते हैं। ज्ञात हो कि कड़कनाथ मुर्गा मध्यप्रदेश के झाबुआ की पहचान है और भारत सरकार से कड़कनाथ को जीआई टैग भी मिल चुका है। यह मुर्गा काले रंग का, काले खून, काले हड्डी और काले मांस के साथ लजीज स्वाद के लिए पहचाना जाता है। यह मुर्गा फैट और कोलेस्ट्रोल–फ्री भी होता है।

# बिहार चुनाव में गड़बड़ियों की शिकायत चिंताजनक : स्टालिन

चेन्नई। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने इस बात पर चिंता जताई है कि महागठबंधन के कुछ दलों ने बिहार विधानसभा चुनाव में गड़बड़ियों की शिकायत की है। उन्होंने बुधवार को ये बात कही। यहां जारी एक बयान में स्टालिन ने कहा कि हर नागरिक को उम्मीद है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से बिना किसी भेदभाव के हों। उन्होंने कहा कि जब यह अपेक्षा पूरी हो जाएगी तो इस देश में लोकतंत्र का भविष्य स्वस्थ होगा जिसका सभी को एहसास होना चाहिए। राष्ट्रीय जनता दल की अगुवाई में महागठबंधन राजग से कड़े मुकाबले में चुनाव हार गया है। स्टालिन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी चुनावी जीत की शुभकामनाएं दी।

# भाजपा सरकार के दावे सीले पटाखों की तरह : अखिलेश यादव


लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि किसान और नौजवान भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते गहरी मायूसी में हैं। इनकी दीवाली काली हो गई है। इतने



बुरे हालात पहले कभी नहीं रहे। सरकार के तमाम दावे सीले पटाखों की तरह फुस्स हो गए हैं। गरीब की कहीं सुनवाई नहीं है।सपा अध यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि किसानों का धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिकने के बजाय बिचौलियों और आढ़तियों की भेंट चढ़ गया। करीब २० लाख गन्ना किसानों का मेरठ, सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल की चीनी मिलों पर पिछले पेराई सत्र का ३,३४३ करोड़ रुपये बकाया है। प्रदेश में गन्ना किसानों का लगभग १० हजार करोड़ रुपये बकाया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री तक के संसदीय क्षेत्र में धान खरीद के हालात अच्छे नहीं हैं। वहां ४० हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य था, लेकिन अभी तक सिर्फ ६७० मीट्रिक टन धान ही खरीदा जा सका है।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि धान बेचने आ रहे किसानों को बाद में आने को कहा जा रहा है। उनको धान बेचने के लिए २०२१ का टोकन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड इकोनमी फोरम के ताजा सर्वे के अनुसार देश में अगले १२ महीनों में ५७ फीसदी लोगों की नौकरियां जाने की आशंका है। देश के इतिहास में पहली बार भयंकर मंदी आने का अंदेशा है।

# यूपी विधानसभा उपचुनाव में जीते लकी यादव ने ली विधानसभा सदस्यता की शपथ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में जौनपुर की मल्हनी सीट पर जीत दर्ज करने वाले समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक लकी यादव ने शुक्रवार को विधानसभा की सदस्यता की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने उन्हें विधान भवन स्थित अपने कक्ष में शपथ दिलाई।विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने उन्हें संविधान, विधान सभा कार्य संचालन नियमावली, स्वलिखित पुस्तक शहिंद स्वराज्य का पुनर्पाठश और संसदीय दीपिका के अक्टूबर अंक की प्रति भेंट की। विधान सभा अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सदस्य को बधाई देते हुए कहा कि वह विधान सभा में एक जागरूक और सफल विध ाायक के रूप में कामयाब हों और जीवन में यशस्वी हों। विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि सदन में होने वाले वाद–विवाद में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की जनता के जनहित की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। इस अवसर पर विधान सभा के प्रमुख



सचिव प्रदीप कुमार दुबे, लकी यादव के पारिवारिक सदस्य ओम प्रकाश यादव, जिला पंचायत सदस्य वेद यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। बता दें कि उत्तर प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में सत्ताधारी भाजपा ने छह सीटें अपने नाम कर ली हैं। सिर्फ एक सीट जौनपुर जिले की मल्हनी ने भाजपा को गुजरात की तरह यूपी में क्लीन स्वीप करने से रोक दिया। मल्हनी सीट से समाजवादी पार्टी के लकी यादव चार हजार से ज्यादा वोटों से चुनाव जीते हैं। बीजेपी की लहर में भी लकी यादव ने समाजवादी पार्टी का जो किला बचाया है, उसके लिए पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रचार करने के लिए भी नहीं आए थे।

# जहरीली शराब पीने से तीन की मौत

लखनऊ। जहरीली शराब की बिक्री पर रोक लगाने के शासन के निर्देश के बावजूद राजधानी में धड़ल्ले से यह अवैध कारोबार जारी है। इसका नतीजा है कि शुक्रवार को जहरीली शराब पीने से बंथरा में तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना के पीछे पुलिस और आबकारी विभाग की लापरवाही उजागर हुई है। दरअसल, रसूलपुर गांव निवासी सुंदरलाल, मोहम्मद अक्षय तथा लतीफ नगर निवासी राजकुमार ने गुरुवार देर शाम में शराब खरीद कर पी थी। इसके बाद तीनों घर लौट आए थे, देर रात में तीनों की हालत बिगड़ गई वहीं। एक अन्य युवक भी बीमार हो गया। आनन फानन परिवारजन चारों को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रारंभिक छानबीन में लतीफ नगर निवासी एक कोटेदार की भूमिका सामने आई है। बताया जा रहा है कि कोटेदार देशी ठेके से शराब खरीदकर ले जाता था और उसे लोगों को बेचता था। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कोटेदार शराब में खुद मिलावट करता था या उसे कोई उपलब्ध कराता था। उधर, जहरीली शराब पीने से तीन लोगों की मौत होने के बाद गांव में कोहराम मच गया बड़ी संख्या में पुलिस गांव में तैनात की गई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।राजधानी में जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत का या कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी ५० से अधिक लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हो चुकी है। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों का सही से निर्वहन नहीं करता, जिससे ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। खास बात यह है कि लोगों की मौत के बाद पुलिस, आबकारी विभाग और जिला प्रशासन एक दूसरे पर लापरवाही का आरोप लगाकर पल्ला झाड़ लेते हैं।

# शहीद पथ पर कार और बस की टक्कर दो महिलाओं सहित चार की मौत

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में सेक्टर ८ शहीद पथ के पास शुक्रवार शाम भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसा तेज रफ्तार निजी बस के कार में टक्कर मारने से हुआ था। हादसे के दौरान कार आगे चल रही ट्रक और पीछे से आ रही बस के बीच में दब गई। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने एनडीआरएफ की मदद से गाड़ी में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। हालांकि तब तक चार लोगों ने दम तोड़ दिया।देवा बाराबंकी निवासी राज नारायण कार से अपनी बेटी, परिचित मनोज की पत्नी मोहम्मदपुर खाला निवासी पूनम और दो अन्य के साथ दवा लेने लखनऊ आए थे। सेक्टर आठ में शहीद पथ के पास वह कार से जा रहे थे। कार के आगे एक ट्रक चल रही थी, जबकि पीछे राजस्थान नंबर की निजी बस कुछ मजदूरों को लेकर जा रही थी। इसी बीच ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। यह देख कार चालक ने भी गाड़ी रोकी, लेकिन पीछे से आ रहे तेज



रफ्तार बस ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार ट्रक और बस के बीच में दब गए। पुलिस ने काफी देर तक घायलों को कार से निकालने का प्रयास किया, लेकिन सभी बुरी तरह से गाड़ी में फंसे हुए थे। इसके बाद एनडीआरएफ को मदद के लिए बुलाया गया। एक के बाद एक करके पांचों घायलों को करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद गाड़ी से निकाला जा सका। इस बीच राजनारायण, पूनम व दो अन्य की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त की जा रही है।

# गोली चलाने वाले शूटरों की तलाश में पुलिस की टीमें बिहार व एनसीआर में कर रही छापेमारी

लखनऊ। बद्री सर्राफ के मालिक अभिषेक केशरवानी पर चलती कार में गोली चलाने वाले शूटरों की तलाश में पुलिस की टीमें बिहार व एनसीआर में छापेमारी कर रही है। मुख्य आरोपित भू माफिया अष्टभुजा पाठक से पूछताछ और उसके मोबाइल से मिली शूटर की जानकारी के हिसाब से पुलिस की पांच टीमें अलग–अलग बिहार व एनसीआर में दबिश दे रही है। पुलिस अभी तक घटना से जुड़े कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। वहीं जमीन के विवाद में घटना को अंजाम देने वाले भूमाफिया अष्टभुजा पाठक को गिरफ्तार कर चुकी है। एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव के मुताबिक मोहनलालगंज के भूमाफिया अष्टभुजा ने सुपारी देकर जमीनी विवाद में अभिषेक पर हमला करवाया था। उसके मोबाइल फोन से शूटरों का डाटा मिला है। उसके



आधार पर प्रदेश की सीमा से लगे शहरों में छापेमारी की जा रही है। क्राइम ब्रांच के साथ पुलिस की टीम ने शूटरों के भागने का रास्ता जानने के लिए शहर के बाहर जाने वाले सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी टोल प्लाजा पर लगे सीसी कैमरे की फुटेज खंगाली। जिसमें पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे है। इसके बाद ही पुलिस ने शूटरों के छिपने के संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी। पुलिस अभी हमले में प्रयोग होने वाली बहराइच नंबर की गाड़ी का पता नहीं लगा सकी है। बद्री सराफ मालिक अभिषेक केसरवानी को बुध ावार रात कार सवार लोगों ने गोली गोली मार दी थी। वह कार चलाकर खुद विकास नगर थाने पहुंच गए थे। घटना के वक्त उनकी पत्नी कार में मौजूद थी। महानगर सेक्टर सी निवासी उनके पिता सुधीर केसरवानी ने अपने सगे बड़े भाई राजेश केसरवानी, भूमाफिया अष्टभुजा पाठक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। अभिषेक का ताऊ के साथ पुराना जमीन का विवाद था। जिसको लेकर एक पहले से एफआइआर दर्ज है।

# जरा सी लालच में पूरे शहर की जान को डाल रहे जोखिम में

## पेट्रोल टंकी व प्राइवेट बस अड्डे के सामने लग रही पटाखे की दुकान

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

पलियाकलां–खीरी। शहर में हर साल शहर के बीचोबीच पटाखों की बिक्री होती थी लेकिन जब से मेला मैदान में बड़ा हादसा हुआ है तब से शहर से दूर ही पटाखे की दुकान का लगाया जाता है लेकिन यह जगह कहां है इसके बारे में तहसील प्रशासन ही तय करता है की सभी शहर वासियों को सुरक्षित रखते हुए जगह को चिन्हित किया जाए लेकिन जिस तरीके से तहसील प्रशासन को ताक पर रखकर पेट्रोल पंप व बस अड्डे के सामने पटाखे की दुकानों को लगावाया जा रहा है उससे एक बात तो तय है कि जरा सी लालच में पूरे शहर की जान को जोखिम में डालने का काम किया जा रहा है वही एक बात और भी निकल कर सामने आ रही है कि आखिर इसका जिम्मेदार कौन होगा जिसकी शह पर लगाया जा रहा है। इस ओर प्रशासन अपनी आंखें बंद कर रखा है। पिछली बार पटाखा दुकानों के लेकर आखिरी समय तक प्रशासन की रस्साकशी चलती रही। अंत में प्रशासन को पटाखा कारोबार के लिए जगह तय करना पड़ा। शासन ने भले ही हादसों को रोकने के लिए आबादी के बीच पटाखों की बिक्री पर रोक लगाई हो, लेकिन पलिया में इस आदेश का कोई असर नहीं दिखता। घनी आबादी के बीच पटाखों की दुकानें धड़ल्ले से लगाईं जा रही है। पलिया पुलिस व राजस्व विभाग की टीम सबकुछ जानते हुए भी अनजान बनी हुई है।

# दिल्ली की पीपल्स एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुई-बीना गुप्ता

पलियाकलां खीरी। दिल्ली की राष्ट्रीय संस्था पीपल्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन झा के द्वारा पलिया की बीना गुप्ता को उनके द्वारा किए गए समाज सेवा के क्षेत्र में उत्ष्टे कार्यों को देखते हुए संस्था के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। यह कार्यक्रम दिल्ली के छतरपुर में बड़ी ही धूमधाम से संपन्न हुआ । जिसमें बीना गुप्ता का विशिष्ट अतिथि के रूप में जोरदार स्वागत किया गया। जो पलिया निवासियों के लिए बहुत ही गर्व की बात है। इस कार्यक्रम में, फिल्म कलाकार जीतेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय किक बाक्सर सुधीर सक्सेना भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। पीपल्स एसोसिएशन के द्वारा इस कार्यक्रम में समाजसेवियों, मीडिया, पुलिस कर्मियों व डाक्टरों को करोना योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि यथार्थ सेवा समिति की अध्यक्ष बीना गुप्ता ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक अग्रणीय भूमिका निभातीं आ रही है। उन्होंने हमेशा जरुरत मंदो की सहायता से साथ ही लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में, जागरूक करने में ,प्राकृतिक आपदा के समय में हमेशा एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। करोना काल में उनके द्वारा एक अविस्मरणीय मुहिम हंगर–फ्री पलिया शुरू की गई थी जिसमें उन्होंने एक माह तक भोजन, मास्क,सैनेटाइजर व राशन, गायों के लिए चारा आदि का वितरण किया। जिससे सोशल मीडिया पर उनके द्वारा किए गए कार्यों से प्रभावित होकर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन झा ने न सिर्फ विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वागत किया वरन् करोना योद्धा के रूप में सम्मानित किया। इस अवसर दिल्ली की हस्तियां मौजूद रहीं।

# छठ पूजा की तैयारी जोरो पर

सम्पूर्णानगर–खीरी। ग्राम पंचायत विचित्र नगर में छठ पूजा स्थान पर साफ सफाई समाज सेवक सलामत अली निवासी विचित्र नगर ने छठ पूजा स्थान की अपने साथियो के साथ साफ सफाई किया सलामत अली एक युवा समाजसेवी रूप में जाने जाते है आपको बता दे कि गरीबो के मसीहा कहे जाने वाले सलामत अली अपने ग्राम पंचायत में सर्व समाज के बीच एक अच्छी पहचान बनाया है हर एक परिवार के लिए हमेशा दु:ख सुख में साथ देते रहते है जिसके चलते सलामत अली अपने क्षेत्र में एक ईमादार युवा समाज सेवक के रूप में जाने जाते है हजारों गरीब परिवार को राशन व धन राशि का सहयोग कर चुके है सलामत अली सभी जाति धर्म से ऊपर उठ कर समाज मे एक अछि पहल करते नजर आते है रहते है जिससे क्षेत्र के लोग काफी सलामत अली जी का काफी प्रसंसा करते रहते है गरीब मजदूर किसान युवा सर्व धर्म की सम्मान व सहयोग करते रहते है।

# पुलिस ने पन्द्रह गाड़ियों का आनलाइन किया चालान

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

गोला खीरी। गोला मे आगामी त्यौहारों के चलते गोला पुलिस की सक्रियता साफ देखने को मिल रही है। वही गोला कोतवाल अरविंद कुमार पांडे के दिशा निर्देशन में गोला का विस्तार राम रक्षपाल ने मैं हमराही ओके सहित गोला सदर चौराहे पर १५ मोटरसाइकिल ओके चालान किए गए। खीरी पुलिस अधीक्षक विजय ढुल के दिशानिर्देश में गोला प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडे के नेतृत्व में गोला सदर चौराहे पर सब इंस्पेक्टर रामरक्षपाल ने १५ वाहनों के अनलाइन चालान किए हैं, बता दें कि त्योहारों के मद्देनजर भीड भाड़ के चलते त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य के चलते पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार गोला प्रभारी निरीक्षक ने जगह जगह पर पुलिस का पहरा बिठा दिया है, वही नाबालिगों के गाड़ियों चलाने पर पूर्णतया पाबंदी लगा दी गई है। एवं बिना मास्क, बिना लाइसेंस कोई भी गाड़ी चलाने के लिए अनुमति प्रदान नही की जाएगी। जिसके चलते जगह जगह पर गोला पुलिस तैनात है, कस्बे में धनतेरस के चलते खाता भीड़ भाड़ देखने को मिली है, जिसके चलते गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी रविन्द्र वर्मा ने काफी सक्रियता दिखाते हुए त्योहारों में भारी पुलिस बल तैनात किया है। वही सुबह से लेकर शाम तक पुलिस ने गली, मोहल्लों, सड़को, चौराहों पर पैदल गस्त की है।

# मोंटी गुर्जर का तीन दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

लखनऊ। पशुपालन विभाग में टेंडर दिलाने के नाम पर हुए करोड़ों के घोटाला मामले में मोंटी गुर्जर को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने तीन दिन के लिए पुलिस की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। मोंटी गुर्जर की कस्टडी रिमांड की यह अवधि १६ नवंबर की सुबह १० बजे से १६ नवंबर की सुबह १० बजे तक रहेगी। विशेष जज संदीप गुप्ता ने यह आदेश इस मामले के विवेचक व सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह की अर्जी पर दिया है।विवेचक का कहना था कि बीते आठ नवंबर को आरोपित को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया गया था। आरोपित न्यायिक हिरासत में जेल में निरुद्ध है। इसने अन्य आरोपितों के साथ साजिश करके करीब छह करोड़ का कुटरचित दस्तावेज तैयार कर ध ाोखाधड़ी व ठगी की है। लिहाजा इससे अन्य आरोपितों की जानकारी कर मामले से जुड़े साक्ष्यों का संकलन तथा विस्तृत पूछताछ भी करना है। विवेचक ने पांच दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मांगी थी। इस अर्जी पर सुनवाई के दौरान मोंटी गुर्जर भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जेल से अदालत में मौजूद था।१३ जून, २०२० को इस मामले की एफआइआर इंदौर के एक व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फ रिंकू ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। इस मामले में १० आरोपितों में मोंटी गुर्जर को भी नामजद किया गया था।

# अद्भुत देवी : जिन्हें चढ़ावे में पसंद है हरी सब्जियाँ

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

भारत अद्भुत मंदिर और देव स्थानों के लिए प्रसिद्ध है. यहाँ के तमाम मंदिर अद्भुत रहस्यों






से परिपूर्ण हैं. मंदिर में आने वाले भक्तों की मुराद भी पूरी होता है. कहते हैं मंदिर और देव स्थानों पर आने वाले हर भक्त की झोली भरती हैं. लोग भी मातारानी को प्रसाद के रूप में मिठाई का भोग लगाते हैं. पर एक मंदिर ऐसा भी है, जहां मां को ताजी सब्जियां अर्पित की जाती हैं. हम बात कर रहे हैं उत्तर प्रदेश के कानपुर, हटिया स्थित बुद्धा देवी मंदिर की. अन्य दिनों की अपेक्षा यहां बुधवार को काफी भीड़ रहती है. मान्यता है नवरात्रि पर देवी मां की सभी भक्तों पर कृपा बरसती है. नवरात्रि के समय उनके दर्शन करने के लिए कानपुर के आसपास के जनपदों से भक्तगण आते हैं. मान्यता है कि यहां सब्जियां चढ़ाने से हर मुराद पूरी होती है. इस मंदिर के पुजारी कोई पुरोहित, पुजारी या पंडित नहीं होते हैं. इस बुद्धा मंदिर का पुजारी को राजू माली के नाम से पुकारा जाता है. राजू माली के पूर्वज कभी यहाँ सब्जी की खेती करते थे. राजू माली के अनुसार यह मंदिर करीब १०० साल पुराना है. आज जिस जगह मंदिर है, वहां कभी सब्जियों का बगीचा हुआ करता था. उसकी देखरेख का काम उनके पूर्वज किया करते थे. बताया जाता है कि एक बार राजू माली के पूर्वज के सपने में बुद्धा देवी आईं और बोली कि उन्हें इस बगीचे से बाहर निकालो. ये सपना करीब एक हफ्ते तक आता रहा, जिसको लेकर वे परेशान रहने लगे. इसके बाद उन्होंने बगीचे के उस स्थान की खुदाई करने का फैसला किया, जहां मां बुद्धा ने खुदाई करने को कहा था. करीब तीन दिन की खुदाई के बाद देवी बुद्धा की मूर्ति मिली. उनकी मूर्ति मिलने के बाद उन्होंने वहां एक चबूतरा बनवाया और मूर्ति की स्थापना की गई. देवी की मूर्ति सब्जियों के बगीचे से निकली थी, इस वजह उन्हें प्रसाद के रूप में सब्जियां चढ़ाई जाती हैं. कहा जाता है इस देवी के मंदिर में मनौती मानने वालों की मुराद पूरी होती है ।

# खेल विभाग ने मांगे लक्ष्मण, रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कारों के लिए आवेदन

लखनऊ। प्रदेश के सर्वोच्च पुरस्कार रानी लक्ष्मीबाई और लक्ष्मण पुरस्कार वितरित किए जाने के लिए खेल विभाग ने खिलाड़ियों से आवेदन मांगे हैं। पहली बार इन पुरस्कारों की दौड़ में सामान्य खिलाड़ियों की तरह ही दिव्यांग खिलाड़ियों को भी शामिल होने का मौका मिलेगा। पुरस्कारों के लिए वह भी आवेदन कर सकेंगे। इन पुरस्कारों के लिए निर्धारित नियमों और शर्तों पर खरा उतरने वाले खिलाड़ियों को १२ दिसम्बर तक आवेदन खेल विभाग को करना होगा। इसके बाद आने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। सामान्य और दिव्यांग के साथ ही वेटरन वर्ग भी खिलाड़ी इन पुरस्कारों के लिए आवेदर कन सकेंगे। खेल विभाग के अनुसार ३१ खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को यह पुरस्कार दिए जाते हैं। आवेदन करने वाले जो खिलाड़ी खेल विभाग के मानकों को पूरा करते हैं,उन्हें २४ जनवरी यूपी दिवस वाले दिन सम्मानित किया जाता है। सीएम योगी



आदित्यनाथ यह पुरस्कार खिलाड़ियों को देंगे। आवेदन करने वाले खिलाड़ी प्रदेश भर के क्षेत्रीय खेल कार्यालयों में सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कारों के लिए आने वाले आवेदनों पर अंतिम फैसला खेल विभाग के निर्देश पर गठित होने वाले समिति लेगी। इस समिति में खेल जगत से जुड़े दिग्गजों को शामिल किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार खिलाड़ियों को इन पुरस्कारों के लिए एक फार्म भरना पड़ता है, जिसमें उसे अपने नंबरों का पता चल जाता है। ऐसे में सबसे पहले उन लोगों को शामिल किया जाता है,जिनके नंबर सबसे अधिक होते हैं।


# राजधानी के सभी बस अड्डों पर यात्रियों की भीड़

लखनऊ। दीपावली पर घर जाने के लिए गुरुवार को राजधानी के सभी बस अड्डों पर यात्रियों की भीड़ रही। वहीं शाम को यात्रियों की भीड़ देख और बसें मंगानी पड़ी। अधिकांश यात्री प्रयागराज, प्रतापगढ़ और सुलतानपुर रुट के थे। इन यात्रियों को देर शाम आलमबाग बस अड्डे से एसी व साधारण बसों की अतिरिक्त सेवाओं से रवाना किया गया। आलमबाग बस अड्डे पर देर शाम यात्रियों की भीड़ जुटनी शुरु हुई तो कर्मचारियों के होश उड़ गए। आनन–फानन में चारबाग डिपो की अतिरिक्त बसें मंगानी पड़ी। सूचना पर पहुंचे नोडल अधिकारी राजीव चौहान और क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस बसों के इंतजाम में जुटे रहे। वहीं जो बसें प्लेटफार्म पर खड़ी थी, उन बसों से यात्रियों को भेजा गया। तब जाकर बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ कम हुई। राजधानी के चारबाग,आलमबाग, कैसरबाग व अवध बस स्टेशन से पहले दिन करीब १६० अतिरिक्त बसों से यात्री भेजें गए। इन बस स्टेशनों से यात्रियों की सुविधा के लिए २२६ अतिरिक्त बसें संचालित की जा रही है। ये बसें गोरखपुर, दिल्ली,जयपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सुलतानपुर के अलावा अयोध्या, देवीपाटन, बलरामपुर व बहराइच के रुट के सबसे अधिक यात्री थे। इन यात्रियों को देर रात से अतिरिक्त बसें से रवाना किया गया।


हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ


# खबर लिखने पर मिली दबंग ने पत्रकार को दी धमकी

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में एक क्षेत्रीय सवांददाता को खबर लिखना महंगा पड़ गया।खबर छपने पर मुकदमे में नामित बेखौफ दबंग ने पुलिस चौकी में घुसकर क्षेत्रीय रिपोर्टर के संग अभद्रता करते हुए शाम तक अंजाम भुगत लेने की धमकी देने लगा। वहीं पीड़ित रिपोर्टर ने एसीपी कैंट से आरोपी दबंग के खिलाफ नामजद शिकायत की है। एसीपी के निर्देश पर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।कोतवाली प्रभारी पीजीआई के के मिश्रा के मुताबिक एक निजी समाचार पत्र का क्षेत्रीय सवांददाता अतुल तिवारी पुत्र शिवपूजन तिवारी निवासी सेक्टर ६ केशव पार्क सरस्वतीपुरम थाना पीजीआई ने क्षेत्र में रहने वाले एक युवक शैलेंद्र मिश्रा उर्फ सिंकू मिश्रा पर दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र के एल्डिको



चौकी में घुसकर अभद्र व्यवहार करने व जान से मार देने की धमकी देने का लिखित शिकायत किया है। पीड़ित की शिकायत पर गाली गलौज व धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पर घटना के एक दिन पूर्व स्थानीय थाने पर जमीन विवाद में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था जिसकी खबर पीड़ित ने अपने समाचार पत्र में प्रकाशित किया था।

# रोशन होंगे गोबर से बनें एक लाख दीये

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम के कान्हा उपवन की गायों के गोबर से बने एक लाख दीयों से शुक्रवार को गोमती का झूलेघाट रोशन होगा। दीपावली से ठीक



एक दिन पहले गोमय दीपावली मनाई जाएगी। अब तक शहरवासी ५० हजार से अधिक गोबर के दीये निगम से खरीद चुके हैं। साथ ही गोबर से बनी लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां भी बेची जा रही हैं। नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने आज यहां कहा कि इन दीपों के जरिए लक्ष्मी–गणेश, नगर निगम व अन्य शब्द रेखांकित किये जाएंगे। बहुत से लोगों को यह आशंका है कि गोबर के दीये हैं तो यह खुद भी जल सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। इन दीयों में २० प्रतिशत मिट्टी भी है। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए इस प्रयास से स्वयं सहायता समूह की करीब ५०० महिलाओं को रोजगार भी मिला है। नगर आयुक्त ने बताया कि शहरवासी घर बैठे ऑनलाइन या फोन कर दीये मंगवा सकते हैं। निगम के स्वच्छता चौंपियंस उनको घर पर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। रोजाना करीब ५० हजार दीये निगम तैयार कर रहा है। प्रमुख बाजार और मॉल में भी गोमय दीप उपलब्ध हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर एवं फेसबुक से इसकी मार्केटिंग की गई है।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566


# मैं काजोल को देखकर बड़ी हुई हूं : मिथिला

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री मिथिला पालकर ने कहा कि वह काजोल को देखकर बड़ी हुई हैं। साथ ही उन्होंने काजोल के साथ अपने



फैन मोमेंट को याद किया। मिथिला ने वेब सीरीज 'लिटिल थिंग्स' और रोम–कॉम फिल्म 'कारवां' में काम किया है। वह काजोल की अगली फिल्म 'त्रिभंगा' में नजर आने वाली है। फिल्म अभिनेत्री रेणुका शहाणे के निर्देशन में बनी है। अभिनेत्री ने कहा, "मैं काजोल को देखकर बड़ी हुई हूं। और जब मुझे पता चला कि मैं उनके साथ काम करने वाली हूं तो, मैं काफी खुश हुई। मैं नब्बे दशक की बच्ची हूं और उन्हें देखकर बड़ी हुई हूं। उनके साथ काम करने के लिए थोड़ी सी घबराई हुई थी। लेकिन उनसे सेट पर मिलते ही सब कुछ नॉर्मल हो गया। उनकी हंसी काफी प्रभावशाली है। वह उर्जा से भरपूर हैं। वो दिल से हंसती हैं, दिल खोल के बोलती हैं।

# मुझे बुजुर्ग होने का समय नहीं मिला : डॉली पार्टन

लॉस एंजेलिस। आगामी साल जनवरी में गायिका डॉली पार्टन ७५ साल की हो जाएंगी, ऐसे में उनका कहना है कि वह कभी बूढ़ी नहीं होंगी। पीपुल डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, स्टार 'द ओपरा कन्वर्सेशन' के एक एपिसोड के लिए डॉली पार्टन ओपरा विंफ्रे के साथ शामिल हुईं, जहां उन्होंने अपने लुक और बहुत कुछ के बारे में बात की। विंफ्रे ने उनसे जब पूछा कि आप अब मील के पत्थर पड़ाव की उम्र तक पहुंच गई हैं, तो मैं जानना चाहती हूं कि क्या उस नंबर का कोई प्रभाव, यदि कोई हो, तो आप पर पड़ा है? इस पर उन्होंने कहा, "मैं नंबर (उम्र) के संदर्भ में अपने जीवन के बारे में नहीं सोचती। सबसे पहले मैं कभी बूढ़ी नहीं होने वाली, क्योंकि मुझे बूढ़ी होने का समय नहीं मिला। मैं अपने बुढ़ापे को लंबे समय तक



रोक नहीं सकती। पार्टन ने कहा कि उम्र जो भी हो वह सबसे बेहतरीन होने की कोशिश करेंगी। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, "मैं कार्टून की तरह होने वाली हूं। उन्होंने आगे कहा, "मैं मेकअप का सहारा लेने वाली हूं। मैं उतनी ही युवा दिखूंगी, जितना कि मेरे प्लास्टिक सर्जन मुझे और साथ में मेकअप और लाइटिंग से बनाएंगे।


सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक